भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.09.2024

## आरेडिका की पायल ने दिलाया स्वर्ण पदक

बैंगलुरू के श्री कान्तिरावा स्टेडियम में आयोजित 63वीं ओपन नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सभी राज्यों तथा सभी विभागों की टीमों के साथ भारतीय रेलवे भी प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता में आरेडिका, रायबरेली की पायल ने महिला ग्रुप के 35 किलोमीटर वॉक रेस में मीट रिकार्ड के साथ 3 घण्टे 2 मिनट में स्वर्ण पदक के रूप में पदक दिलाकर रेलवे तथा आरेडिका को गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता में पुरूष व महिला खिलाड़ियों की 24–24 प्रतियोगिताओं सहित कुल 48 प्रतियोगितायें आयोजित की जा रही हैं जिसमें कुल लगभग 1000 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आरेडिका के 5 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आरेडिका, रायबरेली की खेल अधिकारी तथा पद्मश्री एवं अर्जुन अवार्डी श्रीमती सुधा सिंह के प्रतिनिधित्व और मार्गदर्शन में यह पदक आरेडिका रायबरेली के नाम दर्ज हुआ।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी. के. मिश्रा ने पायल को इस उपलब्धि के लिए खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की साथ ही आरेडिका के सभी खिलाड़ियों को लगन तथा कड़ी मेहनत के साथ खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

02/9/2024

(आर.एन. तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी